अपने शानदार करियर के आखिरी दौर में होने के बावजूद, वे 2026 फीफा वर्ल्ड कप के मुख्य आकर्षण बने हुए हैं। 2026 के इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड संख्या में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

– बाइचुंग भूटिया

भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान, लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सेरेना विलियम्स

दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स का क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में युगल अभियान एक मैच के बाद ही खत्म हो सकता है। इस अमेरिकी स्टार की युगल जोड़ीदार और कनाडा की विक्टोरिया एमबोको बुधवार को कैरोलिना प्लिस्कोवा के खिलाफ अपने एकल मुकाबले के दौरान घुटने में चोट लगने के कारण मैच के बीच से हट गईं। उन्हें यह चोट दूसरे सेट में लगी थी। सेरेना और एमबोको ने मंगलवार को अपना पहला युगल मैच जीता था जिसके साथ अमेरिकी खिलाड़ी ने खेल से लगभग चार साल दूर रहने के बाद पेशेवर टेनिस में वापसी थी।

क्या आप जानते हैं ?... आईसीसी रैंकिंग : भारतीय पुरुष टीम आईसीसी वनडे और टी–20 आई रैंकिंग में शीर्ष पर है।

फीफा विश्व कप टिकट कीमतों का इन्फैन्टिनो ने किया बचाव

यदि फीफा गलत कर रहा है तो सभी आयोजक गलत : जियानी इन्फैन्टिनो

मेक्सिको सिटी, 11 जून। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने विश्व कप 2026 के टिकटों की ऊंची कीमतों का बचाव करते हुए कहा कि यदि फीफा गलत कर रहा है, तो उत्तर अमेरिका में टिकट बेचने वाले लगभग सभी आयोजक भी गलत होंगे। विश्व कप के उद्घाटन मुकाबले से पहले आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इन्फैन्टिनो ने टिकट मूल्य निर्धारण, सुरक्षा नियमों और अमेरिका में प्रवेश से रोके गए सोमाली रेफरी के मुद्दे पर अपनी बात रखी।

विश्व कप 2026 के समूह चरण मुकाबलों के टिकट लगभग 140 अमेरिकी डॉलर से शुरू हुए, जबकि फाइनल मुकाबले के टिकटों की कीमत कई हजार डॉलर तक पहुंच गई। फाइनल के कुछ टिकटों की कीमत बाद में और बढ़ाई गई। इन्फैन्टिनो ने कहा कि यदि टिकट कम कीमत पर बेचे जाते तो वे दोबारा बिक्री बाजार और अवैध टिकट कारोबार में बहुत अधिक दाम पर बिकते और उसका लाभ फुटबॉल को नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के लिए औसत टिकट मूल्य 500 डॉलर से कम रखा गया है और यह अमेरिका के अन्य बड़े खेल आयोजनों के स्तर के आसपास है। हाल के दिनों में अमेरिका के कुछ राज्यों में टिकट बिक्री की जांच शुरू हुई है, लेकिन इन्फैन्टिनो ने कहा कि फीफा इसको लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने कहा,हम हर जांच का स्वागत करते हैं। हमने टिकट बिक्री शुरू करने से पहले विशेषज्ञों और कानूनी सलाहकारों के साथ पूरी प्रक्रिया की समीक्षा की थी।

सोमाली रेफरी विवाद पर भी दिया जवाब

विश्व कप में पहली बार सोमालिया से रेफरी बनने जा रहे ओमर आर्टान को अमेरिका में प्रवेश नहीं दिया गया। अमेरिकी अधिकारियों ने सुरक्षा जांच से जुड़ी चिंताओं का हवाला दिया। इस पर इन्फैन्टिनो ने कहा कि फीफा सभी चीजों को नियंत्रित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा,हम समाधान खोजने की कोशिश करते हैं। कभी–कभी थोड़ा शांत रहना भी जरूरी होता है। हर बात पर तुरंत शोर मचाने से समाधान नहीं निकलता। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और सरकारों तथा सुरक्षा एजेंसियों के निर्णयों का सम्मान करना पड़ता है।

ईरान टीम के अमेरिका आने को बताया उपलब्धि

इन्फैन्टिनो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद ईरान की टीम को विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका पहुंचाने में फीफा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि फीफा को कई जटिल परिस्थितियों के बीच काम करना पड़ता है और यही उसकी जिम्मेदारी भी है। मानव इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन होगा विश्व कप इन्फैन्टिनो ने दावा किया कि विश्व कप 2026 संभवतः मानव इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन बनने जा रहा है। फीफा को इस प्रतियोगिता से लगभग 11 अरब डॉलर की आय की उम्मीद है। इन्फैन्टिनो ने कहा कि यदि सभी प्रसारण और सेवाएं भुगतान आधारित कर दी जातीं तो आय इससे कहीं अधिक हो सकती थी, लेकिन तब दुनिया भर के करोड़ों दर्शक विश्व कप नहीं देख पाते। 56 वर्षीय इन्फैन्टिनो वर्ष 2016 से फीफा अध्यक्ष हैं और अगले कार्यकाल के लिए भी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

// भारत-अफगानिस्तान वनडे //

धर्मशाला पहुंची दोनों टीमें

धर्मशाला, 11 जून। आईपीएल के कुछ दिनों बाद ही धर्मशाला में एक बार फिर क्रिकेट का रोमांच लौट आया है। इस बार टीम इंडिया और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय मैच का रोमांच क्रिकेट प्रेमियों को देखने को मिलेगा। टीम इंडिया और अफगानिस्तान के बीच खेली जाने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की सीरिज के 13 जून को पहले मैच का गवाह एचपीसीए का धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम बनने जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को दोनों टीमें धर्मशाला की वादियों में पंहुच गई हैं। वीरवार को दिन में पहले भारतीय टीम धर्मशाला पंहुची जिसके बाद मेहमान टीम अफगानिस्तान भी धर्मशाला पंहुची। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गगल एयरपोर्ट से धर्मशाला स्थित होटल ब्लू रिजेंसी पंहुचाया गया। इससे पूर्व कांगड़ा के गग्गल एयरपोर्ट और होटल पहुंचने पर दोनों टीमों का पहाड़ी संस्कृति में स्वागत किया गया। वहीं एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। फैंस ने इंडिया–इंडिया के नारे लगाकर खिलाड़ियों का स्वागत किया। कड़े सुरक्षा घेरे के बीच खिलाड़ियों को उनके होटल पहुंचाया गया।

शुक्रवार को स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस करेगी दोनों टीमें

13 जून को होने वाले इस मैच से पहले दोनों ही टीमें कल शुक्रवार को स्टेडियम पंहुचकर नेट में अभ्यास करेंगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक मेहमान टीम अफगानिस्तान शुक्रवार को दिन में डेढ़ बजे से साढ़े चार बजे तक नेट पर पसीना बहाएगी जबकि दूसरे सेशन में शाम को साढ़े पांच बजे से साढ़े आठ बजे तक टीम इंडिया स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस करेगी। गौरतलब है कि धर्मशाला की पिच आमतौर पर तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, जिस पर दोनों टीमें अपनी रणनीति तैयार करेंगी।

बारिश की ठंडी फुहारों ने किया मेहमान टीम का स्वागत

दोपहर बाद गगल एयरपोर्ट पंहुची अफगानिस्तान की टीम का बारिश की ठंडी फुहारों ने स्वागत किया। मेहमान टीम जैसे ही एयरपोर्ट पर उतरी तो मौसम ने अचानक रंग बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश की बौछार पड़ने लगी। मोहाली के गर्म मौसम का सामना करने के बाद यहां पंहुची दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने इस सुहावने मौसम का खूब आनंद उठाया।

मैच के दिन मौसम साफ रहने का अनुमान

उधर मौसम विभाग ने मैच के दिन मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है, जिससे पूरे 100 ओवर का खेल होने की उम्मीद है। वहीं अगर पिच की बात करें तो शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग मिलने की संभावना है, लेकिन जैसे–जैसे खेल आगे बढ़ेगा, बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान हो सकता है।

पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मैच को देखते हुए जिला प्रशासन और कांगड़ा पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। स्टेडियम के चारों ओर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। दर्शकों की भारी भीड़ के मद्देनजर धर्मशाला और मैकलोडगंज के लिए ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया गया है, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके। वहीं, स्थानीय होटलों और होमस्टे में भी 90 प्रतिशत से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है, जिससे स्थानीय पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिले हुए हैं। इससे पूर्व धर्मशाला में आईपीएल सीजन के हुए चार मैचों के दौरान भी होटल और पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों ने अच्छी कमाई की थी।

रॉयल, ब्रदर्स, जयपुर बॉयज फुटबॉल अकादमी जीती

जयपुर, 11 जून। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर के फुटबॉल मैदान पर अंडर 13 के चार मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में रॉयल फुटबॉल क्लब ने जयपुर फुटसाल को 8–0 से पराजित किया। रॉयल फुटबॉल क्लब से समर प्रताप से 2 गोल, मुबीन ने 2 गोल किये, अमन ने 1 गोल, नंदिश ने 1 गोल, देवांश से 1 गोल किया, लक्ष्य ने 1 गोल किया। दूसरे मुकाबले में ब्रदर्स फुटबॉल क्लब ओर रेड स्टोन फुटबाल क्लब के बीच मुकाबला हुआ जिसमें ब्रदर्स ने मुकाबला में 8–0 विजय रहा। ब्रदर्स की तरफ़ से नकुल ने 3 गोल किये, तन्मय ने 1 गोल, दिव्यांशु ने 1 गोल ओर जीशान ने 1 गोल किया, आबास ने 1 गोल किया, हिमांशु ने 1 गोल किया। तीसरे मैच में राजस्थान फुटबॉल स्कूल और जयपुर इलीट क्लब के मध्य खेला गया जो मैच 0– 0 से बराबरी पर खत्म हुआ। आखरी मैचः जयपुर बॉयज फुटबॉल अकादमी ने एएसएल फुटबाल क्लब को 2–1 से पराजित किया। जयपुर बॉयज फुटबॉल अकादमी की तरफ से मोनू ने 1 गोल किया और एक गोल हेम ने किया। ए एस एल की तरफ से एकमात्र गोल पुनीत ने किया।

एमबी क्रिकेट अकदमी जीती

जयपुर, 11 जून। अंडर –16 समर कप में एमबी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 38.3 ओवर में 306 रन 10 विकेट के नुकसान

पर बनाएं। आर्यन सिंह ने 107, तुषार सिंह ने 63, राघव शर्मा ने 48 रनों का योगदान दिया। शास्त्री क्रिकेट अकादमी की ओर से अर्णव ने 4, मोहित और रोहन जैन ने 2–2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शास्त्री क्रिकेट एकेडमी 29 ओवर में 109 रन पर ऑल आउट हो गई। अर्णव शर्मा ने सर्वाधिक 29 रनों का योगदान दिया। एमबी क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य ने 3 और केशव जांगिड़ ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच आर्यन सिंह को चुना गया।

दौसा ने अलवर को 9 विकेट से हराया

जयपुर, 11 जून। आरसीए द्वारा आयोजित सीनियर महिला टी –20 चैंपियनशिप 2026–27 के दूसरे मुकाबले में तनिका शर्मा का ऑलराउंड प्रदर्शन मेजबान अलवर को 9 विकेट से दी मात। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि सीनियर महिला 20 चैंपियनशिप जिसके लीग मैच अलवर में सूरत क्रिकेट ग्राऊण्ड पर आयोजित किये जा रहे हैं दौसा का आज दूसरा मुकाबला मेजबान अलवर से हुआ जिसमें दौसा ने अलवर की टीम को 9 विकेट से परास्त किया दौसा की टीम ने आज फिर टॉस हारकर पहले गेंदबाजी की साथ ही क्षेत्ररक्षण किया दौसा की ओर से तनिका शर्मा ने 2विकेट, कृति उपाध्याय, याना वर्मा और निधि सैनी ने 1–1 विकेट लिया। दौसा की टीम ने क्षेत्ररक्षण में शानदार प्रदर्शन करते हुए कसी हुई गेंदबाजी की जिसकी बदौलत मेजबान अलवर की टीम निर्धारित 20 ओवर में 106 रन पर 6 विकेट पर रोक दिया। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए दौसा की टीम ने मात्र 15 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। दौसा की ओर से तनिका शर्मा ने ताबड़तोड़ अर्धशतक 46 बाल में 57 रन की पारी खेली तनिका के साथ याना वर्मा सलामी बल्लेबाज ने 14 बॉल पर 12 रन बनाए और तानिया शर्मा ने 30 बाल पर 26 रन बनाए। दौसा की टीम ने 15 ओवर में ही 1 विकेट पर 108 रन बना लिए और 9 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के हीरो दौसा टीम की उप कप्तान तनिका शर्मा रही जिसने ऑल राउंड प्रदर्शन किया। डीसीए सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि कल दौसा का तीसरा मुकाबला हनुमानगढ़ के साथ होगा सचिव द्वारा टीम मैनेजर श्रीमती शोभना गुर्जर ,कोच प्रेम सिंह नाथावत और सम्पूर्ण टीम को शुभकामनाएँ दी और आगे के मैचों में और अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

इंग्लैंड, पुर्तगाल और अल्जीरिया की अंतिम अभ्यास मैचों में जीत के साथ तैयारियां पूरी

फीफा विश्व कप 2026

नई दिल्ली, 11 जून। फीफा विश्व कप से पहले खेले गए अंतिम अभ्यास मुकाबलों में इंग्लैंड, पुर्तगाल और अल्जीरिया ने जीत दर्ज कर अपनी तैयारियों को मजबूत किया। तीनों टीमों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट से पहले आत्मविश्वास हासिल किया।

इंग्लैंड ने अमेरिका के फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में खेले गए मुकाबले में कोस्टा रिका को 3–0 से हराया। खराब मौसम के कारण मैच की शुरुआत एक घंटे देरी से हुई, लेकिन इंग्लैंड ने शुरुआत से ही नियंत्रण बनाए रखा। नौवें मिनट में डेक्लान राइस ने एंथनी गॉर्डन के पास पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में गॉर्डन ने पेनाल्टी पर गोल दागा, जबकि मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले ओली वॉटकिंस ने तीसरा गोल कर जीत पक्की कर दी। यह इंग्लैंड की पिछले दस मैत्री मैचों में चौथी जीत रही। अब टीम अपने ठ्राप एल के पहले मुकाबले में क्रोएशिया से भिड़ेगी।

पुर्तगाल ने लीरिया में नाइजीरिया को 2–1 से हराया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पूरे पहले हाफ में सक्रिय रहे, हालांकि वह गोल नहीं कर सके। मैच के 23वें मिनट में पेड्रो नेटो ने डियोगो डालोट के पास पर गोल कर पुर्तगाल को बढ़त दिलाई। नाइजीरिया ने पहले हाफ के अंत से पहले बराबरी कर ली, लेकिन 75वें मिनट में फ्रांसिस्को कॉन्सेसाओ के शानदार कर्लिंग शॉट ने पुर्तगाल को जीत दिला दी। इस जीत के साथ रॉबर्टो मार्टिनेज की टीम ने लगातार पांचवां मैच बिना हार के पूरा किया।

अल्जीरिया ने दिन की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए बोलिविया को 4–0 से हराया। बंद दरवाजों के पीछे खेले गए इस मुकाबले में ऐसा मांडी ने हाफ टाइम से ठीक पहले पहला गोल किया। दूसरे हाफ में अल्जीरिया पूरी तरह हावी रहा। अमीन गुइरी ने दो मिनट के भीतर दो गोल किए और फिर अनीस हदज मूसा ने चौथा गोल दागकर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। अब सभी अभ्यास मुकाबले समाप्त हो चुके हैं और ध्यान फीफा विश्व कप 2026 के ठ्राप चरण पर केंद्रित हो गया है। 48 टीमों वाला यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट सह–मेजबान मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच उद्घाटन मुकाबले से शुरू होगा।

श्रीलंका सीरीज के लिए भारतीय महिला अंडर-19 टीम घोषित, भविका अहिरे को मिली कप्तानी

नई दिल्ली, 11 जून। भारतीय महिला अंडर–19 टीम के चयनकर्ताओं ने गुरुवार को भारत दौरे पर आने वाली श्रीलंका महिला अंडर–19 टीम के खिलाफ होने वाली शृंखला के लिए भारतीय टीमों की घोषणा कर दी है। इस दौरे में तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों प्रारूपों में विकेटकीपर बल्लेबाज़ भविका अहिरे को कप्तान बनाया गया है, जबकि महक नरवसे को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टी20 और एकदिवसीय टीमों में अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, हालांकि एकदिवसीय टीम में कुछ बदलाव किए गए हैं। यह शृंखला युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर मानी जा रही है।

भारतीय महिला अंडर–19 टी20 टीम

भविका अहिरे (कप्तान, विकेटकीपर), इरा जाधव, तनिष्का शर्मा, ईश्वरी आवसरे, अवनी चावड़ा, माहतो निधि, पूर्वा सिवाच, कुमारी पलक, महक नरवसे (उपकप्तान), काश्वी कांडिकुप्पा, मणियार मैत्री, गौरी गोयल, जानवी विकार, अनादी टागड़े, के दीक्षा (विकेटकीपर)।

भारतीय महिला अंडर–19 एकदिवसीय टीम

भविका अहिरे (कप्तान, विकेटकीपर), इरा जाधव, दीया यादव, ईश्वरी आवसरे, वी प्रतीक्षा, माहतो निधि, पूर्वा सिवाच, कुमारी पलक, महक नरवसे (उपकप्तान), काश्वी कांडिकुप्पा, विधि परमार, गौरी गोयल, जानवी विकार, अनादी टागड़े, के दीक्षा (विकेटकीपर)।

अंडर-19 पुरुष टीम घोषित, यशवर्धन होंगे कप्तान

नई दिल्ली, 11 जून। भारतीय जूनियर क्रिकेट समिति ने आगामी श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर–19 पुरुष टीम की गुरुवार को घोषणा कर दी। इस दौरे में भारतीय टीम तीन एकदिवसीय और दो बहु–दिवसीय मुकाबले खेलेगी। यशबर्धन सिंह चौहान को दोनों प्रारूपों के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि लक्ष्य रायचंदानी उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। दौरे के सभी एकदिवसीय मुकाबले हम्बनटोटा में खेले जाएंगे, जबकि बहु–दिवसीय मैच गॉल और कोलंबो में आयोजित होंगे।

भारतीय अंडर–19 पुरुष वनडे टीम

सागर वीरक, लक्ष्य रायचंदानी (उपकप्तान), यशबर्धन सिंह चौहान (कप्तान), विनीत वी.के., अर्जुन राजपूत, कुशाग्र ओझा, रजत बघेल (विकेटकीपर), अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), अनमोलजीत सिंह, वुटकुरी यशवीर गौड़, रोहित अनिल यादव, शाविन वी., काव्या परेश पटेल, मोहित उलवा, ईशान सूद।

भारत अंडर–19 पुरुष बहु–दिवसीय टीम

सागर वीरक, लक्ष्य रायचंदानी (उपकप्तान), यशबर्धन सिंह चौहान (कप्तान), पटेल कुश, मनल चौहान, कुशाग्र ओझा, मानव कृष्ण (विकेटकीपर), आर्यन संदेश सकपाल (विकेटकीपर), हेमचुदेशन जे., बीके किशोर, रोहित अनिल यादव, काव्या परेश पटेल, प्रियांशु सिंह, प्रणव राघवेंद्र, चिगुरुपति वेंकट।

ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन : सिंधु और तन्वी क्वार्टर फाइनल में

सिडनी, 11 जून। ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और युवा खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधु ने प्री–क्वार्टर फाइनल में भारतीय खिलाड़ी इशारानी बरुआ को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 22–20, 21–12 से हराया। पहले गेम में कड़ी चुनौती मिलने के बाद सिंधु ने दूसरे गेम में पूरी तरह दबदबा बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीनी ताइपे की चेन सू यू से होगा।

भारतीय खिलाड़ी निखिल ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट में 60 साल बाद जगह लेंगे

नई दिल्ली, 11 जून। भारत में जन्मे और वर्तमान में तस्मानिया तथा होबार्ट हरिकेन्स के लिए खेलने वाले लेग स्पिन ऑलराउंडर निखिल चौधरी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टी–20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें आराम दिए गए ट्रैविस हेड के स्थान पर टीम में जगह मिली है।

इससे पहले 30 वर्षीय निखिल चौधरी भारत में पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। उन्होंने 2017 से 2019 के बीच पंजाब के लिए 12 टी–20 और दो लिस्ट–ए मुकाबले खेले थे। निखिल वर्ष 2020 में अपने चाचा से मिलने ऑस्ट्रेलिया गए थे। इसी दौरान कोविड महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय सीमाएँ बंद हो गईं और वह वहीं रह गए। फिलहाल उनके पास 2027 तक वैध अस्थायी वीज़ा है। उनके पास अभी स्थायी निवास या ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता नहीं है, लेकिन आईसीसी नियमों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में पाँच वर्ष रहने के कारण वह राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के पात्र हो गए।

ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने ग्रेड क्रिकेट से अपनी पहचान बनाई। इसके बाद तत्कालीन हरिकेन्स गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स की नजर उन पर पड़ी और उन्हें होबार्ट हरिकेन्स से अनुबंध मिला। निखिल ने पिछले तीन सत्रों में बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन किया। 2024–25 सीजन में हरिकेन्स को खिताब दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके बाद उन्होंने तस्मानिया के लिए लिस्ट–ए और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया, जहाँ उन्होंने शेफील्ड शील्ड में अपना पहला शतक भी लगाया और पहली बार पाँच विकेट लेने का कारनामा किया।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मई मंथ : नेपाल, बांग्लादेश व पाक के खिलाड़ियों का दबदबा

दुबई, 11 जून। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मई महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए पुरुष और महिला वर्ग की नामांकित सूची जारी कर दी है। इस सूची में नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। **पुरुष वर्ग के नामांकित खिलाड़ी –** पुरुष वर्ग में नेपाल के ऑलराउंडर दीपेंद्र सिंह ऐरी, बांग्लादेश के स्पिनर तैजुल इस्लाम और अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम को नामांकन मिला है। दीपेंद्र सिंह ऐरी (नेपाल) ने यूएई के खिलाफ शतक जड़ा और पूरे महीने में 249 रन बनाए। साथ ही उन्होंने 8 विकेट भी हासिल किए। जबकि तैजुल इस्लाम (बांग्लादेश) ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 13 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, मुशफिकुर रहीम (बांग्लादेश) ने 235 रन बनाकर सीरीज में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। **महिला वर्ग के नामांकित खिलाड़ी –** महिला वर्ग में इंग्लैंड की लॉरेन बेल, पाकिस्तान की गल फरोजा और न्यूजीलैंड की मैडी ग्रीन को शॉर्टलिस्ट किया गया है। लॉरेन बेल (इंग्लैंड) ने न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 13 विकेट लिए।

राजस्थान के कुशाग्र ओझा व रजत बघेल का श्रीलंका दौरे हेतु भारतीय टीम में चयन : डॉ. मोहित

जयपुर, 11 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादवके अनुसार बीसीसीआई जूनियर चयन कमेटी ने भारतीय अंडर 19 टीम के आगामी श्रीलंका दौरे के लिए राजस्थान के युवा प्रतिभावान खिलाड़ी कुशाग्र ओझा व रजत बघेल का चयन भारतीय अंडर 19 टीम में किया है। सुशील जैन, सदस्य, एडहॉक कमेटी के अनुसार राजस्थान के कुशाग्र ओझा व रजत बघेल ने बीसीसीआई क्रिकेट सत्र 2025 –26 में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया।। कुशाग्र ओझा व रजत बघेल को इस वर्ष बीसीसीआई के एनसीए सेण्टर ऑफ़ एक्सीलेन्स अंडर 19 प्रशिक्षण शिविर के चयनित किया गया था।

राजस्थान के कुशाग्र ओझा का चयन भारतीय अंडर 19 टीम के आगामी श्रीलंका दौरे की एक दिवसीय व टेस्ट (मल्टी डेज) दोनों टीमों में व रजत बघेल का चयन एक दिवसीय मैचों के लिए किया गया है। भारतीय अंडर 19 टीम श्रीलंका दौरे पर दिनांक 4 जुलाई, 6 जुलाई व 9 जुलाई को हम्बनटोटो में 3 एक दिवसीय मैच व दिनांक 13 –16 जुलाई को गाले में व दिनांक 20 –23 जुलाई को कोलंबो में 2 4 दिवसीय मैच खेलेगी। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव, सदस्य आशीष तिवाड़ी, धनंजय सिंह खींवसर, सुशील जैन, अरिष्ट सिंघवीने राजस्थान के युवा अंडर 19 खिलाडियों कुशाग्र ओझा व रजत बघेल के श्रीलंका दौरे पर भारतीय अंडर 19 टीम में चयन पर दोनों खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा की राज्य के मानव सुथार ने जिस तरह भारतीय टेस्ट टीम में चयन पर अफगानिस्तान के विरुद्ध टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन कर देश, विदेश में अपना व राज्य का नाम रोशन किया है उसी पर राज्य के दोनों अंदर 19 खिलाडी भी भारतीय अंडर 19 टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा को प्रदर्शत करेंगे।

इंस्पायर अकादमी ने जीत हासिल की

जयपुर, 11 जून। जयपुर के स्थानीय गणपति नगर रेलवे ग्राउंड पर चल रहे 9 हाजी गनी बाबा 20 टूर्नामेंट में रेलवे क्रिकेट अकादमी और इंस्पायर अकादमी के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे क्रिकेट अकादमी 16.5 ओवर में 110/10 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें गौरव मीना, तुषार ने 25–25 रन व मोहम्मद कैफ ने 23 रन की पारी खेली। इंस्पायर की गेंदबाजी की ओर से हरि सिंह ने 3 विकेट व रोहित व रजत ने 2–2 विकेट लिए। जवाब में इंस्पायर अकादमी ने 11.4 ओवर में 111/3 रन बनाकर जीत हासिल की। जिसमें अमन सिंह शेखावत ने 62 रनों की पारी खेली। रेलवे की गेंदबाजी की ओर से दक्ष, शुभम व गौरव मीणा ने 1–1 विकेट लिए। इंस्पायर क्रिकेट अकादमी ने रेलवे क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से मुकाबला हराया।मैन ऑफ़ द मैच हरि सिंह।

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय

जोबनेर 303329, जिला जयपुर (राजस्थान), फोन नं. 01425-254988(का.) e-mail id : comptroller@sknau.ac.in

क्रमांक :- एफ.3( )/श्रीकनकृवि/वि.नि./ई-बिड/2026/1227 दिनांक :- 08/06/2026

बिड सूचना

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर के विश्वविद्यालय मुख्यालय पर प्रशासनिक कार्यालय के अन्तर्गत कार्यरत इकाईयों हेतु सभी श्रेणी के श्रमिक आपूर्ति की ई–बिड आमंत्रित की गई है एवं ई–बिड से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, www.sknau.ac.in, sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। ई–बिड की अन्तिम दिनांक 29.06.2026 समय 2.00 PM बजे तक है।

UBN : SKN2627SLOB00087

राज.संवाद/सी/26/4622 वित्त नियंत्रक

नगर विकास न्यास, पाली

डाक बंगला परिसर, पाली, फोन नं. 02932-223222, ई मेल – uitpali@gmail.com

क्रमांक :- न्या.पा./विज्ञापन/2026/572 दिनांक :- 09/06/2026

ई-निविदा सूचना संख्या - 22/2026-27

नगर विकास न्यास, पाली की ओर न्यास/राजकीय विभाग से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन–लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. :– ITP2627WSOB00025

राज.संवाद/सी/26/4658 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय नगर पालिका सूरौठ, जिला करौली (राज.)

क्रमांकः–न.प.हि./947 दिनांकः– 05.06.2026

–:: ई–निविदा सूचना वर्ष 2026–27 ::–

नगर पालिका सूरौठ की ओर से विकास/मरम्मत /निर्माण कार्यहेतु उपयुक्त श्रेणी के नगर परिषद/नगर निगमों/नगर विकास निकायों, जयपुर विकास प्राधिकरण, आवासन मण्डल व केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए., बी., सी, डी श्रेणियों के संवेदकों/फर्मो के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ई–निविदा प्राप्त की जावेगी। ई–निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB CODE : DLB2627A2843

UBN NO. DLB2627WSOB07051, DLB2627WSOB07052, DLB2627WSOB07053

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सूरौठ

राज.संवाद/सी/26/4591

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला–राजसमन्द(राज.)

Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526

क्रमांक : न.प.नाथ./निविदा/निर्माण/26/2700 दिनांक : 09.06